रजिस्ट्री सं० डी० एल०-33004/99 REGD. NO. D. L.-33004/99

भारत का राजपत्र
The Gazette of India

असाधारण
EXTRAORDINARY
भाग III—खण्ड 4
PART III—Section 4
प्राधिकार से प्रकाशित
PUBLISHED BY AUTHORITY

सं. 397] नई दिल्ली, सोमवार, नवम्बर 7, 2016/कार्तिक 16, 1938
No. 397] NEW DELHI, MONDAY, NOVEMBER 7, 2016/KARTIKA 16, 1938

भारतीय चिकित्सा केन्द्रीय परिषद्

अधिसूचना

नई दिल्ली, 7 नवम्बर, 2016

अधिसूचना

नई दिल्ली, 7 नवम्बर, 2016

सं. 11-77/2016 (पी.जी.रेगु.).-- भारतीय चिकित्सा केन्द्रीय परिषद् अधिनियम, 1970 (1970 का 48) की धारा 36 की उपधारा (1) के खण्ड (झ),(ञ) और (ट) के द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए और भारतीय चिकित्सा केन्द्रीय परिषद् (स्नातकोत्तर यूनानी शिक्षा) विनियम, 2007 की उन बातों के सिवाय अधिक्रांत करते हुए जिन्हें ऐसे अधिक्रमण से पूर्व किया गया है या किए जाने का लोप किया गया है, केन्द्रीय सरकार की पूर्व मंजूरी से भारतीय चिकित्सा केन्द्रीय परिषद् यूनानी स्नातकोत्तर चिकित्सा शिक्षा को विनियमित करने के लिए, निम्नलिखित विनियमों को एतद्द्वारा बनाती है, अर्थात्:

1.संक्षिप्त शीर्षक तथा प्रारम्भ.-(1) इन विनियमों को भारतीय चिकित्सा केन्द्रीय परिषद् (स्नातकोत्तर यूनानी चिकित्सा शिक्षा) विनियम, 2016 कहा जाएगा।

(2) वे शासकीय राजपत्र में उनके प्रकाशित होने की तिथि से लागू होंगे।

2.परिभाषा.- (1) इन विनियमों में, जब तक कि सन्दर्भ से अन्यथा अपेक्षित न हो,-

(क) 'अधिनियम' से भारतीय चिकित्सा केन्द्रीय परिषद् अधिनियम, 1970 (1970 का 48) अभिप्रेत है;

(ख) 'परिषद्' से भारतीय चिकित्सा केन्द्रीय परिषद् अभिप्रेत है;

(ग) 'मान्यता प्राप्त संस्थान' से अधिनियम की धारा 2 की उपधारा (1) के खण्ड (क) एवं खण्ड (ड. क) के अधीन यथापरिभाषित अनुमोदित संस्थान अभिप्रेत है।

(2) यहां पर प्रयुक्त शब्द और अभिव्यक्ति जो यहाँ परिभाषित नहीं है, परन्तु अधिनियम में परिभाषित है, का अभिप्राय अधिनियम में उनके लिए दिए गए अर्थ से होगा।

3.उद्देश्य तथा प्रयोजन.- यूनानी चिकित्सा में स्नातकोत्तर उपाधि पाठ्यक्रमों का उद्देश्य और प्रयोजन यूनानी चिकित्सा से सम्बन्धित विशिष्टताओं और अति विशिष्टताओं का अभिविन्यास करना तथा ऐसे सुविज्ञ और विशेषज्ञों को तैयार करना है जो अपने सम्बद्ध क्षेत्रों में सुयोग्य और दक्ष अध्यापक, चिकित्सक, शल्य चिकित्सक, भेषज विशेषज्ञ और अनुसंधानकर्ता हो सकें।

4.स्नातकोत्तर उपाधि पाठ्यक्रमों हेतु विशिष्टताएं.- स्नातकोत्तर उपाधि निम्नलिखित विशिष्टताओं में अनुज्ञात की जाएगी:-

सारणी - क

माहिर-ए-तिब (डॉक्टर ऑफ मेडिसिन)

क्रम संख्या	विषिष्टता का नाम	नैदानिक अथवा गैर नैदानिक	आधुनिक विषय की निकटतम शब्दावली
1.	कुल्लियाते तिब	गैर नैदानिक	यूनानी चिकित्सा के आधारभूत सिद्धान्त
2.	मुनाफेउल आजा	गैर नैदानिक	शरीरक्रिया विज्ञान
3.	इल्मुल अदविया	गैर नैदानिक	भेषजगुण विज्ञान
4.	इल्मुल सैदला	गैर नैदानिक	भैषजिकी

5.	तहफ़ुजी वा समाजी तिब	गैर नैदानिक	निवारक और सामाजिक चिकित्सा शास्त्र
6.	अमराजे अतफाल	नैदानिक	बाल रोग विज्ञान
7.	मोआलाजात	नैदानिक	चिकित्सा शास्त्र
8.	महियातुल अमराज़	गैर नैदानिक	विकृति विज्ञान
9.	इलाज बित तदबीर	नैदानिक	पथ्यापथ उपचार
10.	अमराजे जिल्द व तज़ीनियत	नैदानिक	त्वचा विज्ञान एवं प्रसाधन

सारणी-ख

माहिरे जराहत (मास्टर ऑफ सर्जरी)

क्रम संख्या	**विशिष्टता का नाम**	**नैदानिक अथवा गैर नैदानिक**	**आधुनिक विषय की निकटतम शब्दावली**
11.	तशरीहुल बदन	गैर नैदानिक	शरीर रचना विज्ञान
12.	इल्मुल जराहत	नैदानिक	शल्य चिकित्सा
13.	अमराजे उज्न, अनफ वा हलक	नैदानिक	कर्ण, नासा और कंठ रोग
14.	कबालत वा अमराजे निस्वान	नैदानिक	प्रसूति एवं स्त्री रोग

5. स्नातकोत्तर उपाधि की नाम पद्धति .- सम्बन्धित विशिष्टताओं में स्नातकोत्तर उपाधि की नाम पद्धति निम्नवत् होंगी :-

सारणी - क

माहिर-ए-तिब (डॉक्टर ऑफ मेडिसिन)

क्रम संख्या	**विशिष्टता का नाम**	**संक्षिप्त रूप**
1.	माहिरे तिब-कुल्लियाते तिब	एम.डी. (यूनानी) -यूनानी चिकित्सा के आधारभूत सिद्धान्त
2.	माहिरे तिब-मुनाफेउल आजा	एम.डी. (यूनानी) -शरीरक्रिया विज्ञान
3.	माहिरे तिब-इल्मुल अदविया	एम.डी. (यूनानी) -भेषजगुण विज्ञान
4.	माहिरे तिब-इल्मुल सैदला	एम.डी. (यूनानी) भैषजिकी
5.	माहिरे तिब-तहफ़ुजी वा समाजी तिब	एम.डी. (यूनानी) निवारक और सामाजिक चिकित्सा शास्त्र
6.	माहिरे तिब-अमराजे अतफाल	एम.डी. (यूनानी) बाल रोग विज्ञान
7.	माहिरे तिब-मोआलाजात	एम.डी. (यूनानी) चिकित्सा शास्त्र
8.	माहिरे तिब-महियातुल अमराज़	एम.डी. (यूनानी) विकृति विज्ञान
9.	माहिरे तिब-इलाज बित तदबीर	एम.डी. (यूनानी) पथ्यापथ उपचार
10.	माहिरे तिब-अमराजे जिल्द	एम.डी. (यूनानी) त्वचा विज्ञान

सारणी - ख

माहिरे जराहत (मास्टर ऑफ सर्जरी):

क्रम संख्या	**विशिष्टता का नाम**	**संक्षिप्त रूप**
11.	माहिरे जराहत-तशरीहुल बदन	एम.एस. (यूनानी) शरीर रचना विज्ञान
12.	माहिरे जराहत-इल्मुल जराहत	एम.एस. (यूनानी) शल्य चिकित्सा
13.	माहिरे जराहत-अमराजे उज्न, अनफ वा हलक	एम.एस. (यूनानी) कर्ण, नासा और कंठ रोग
14.	माहिरे जराहत-कबालत व अमराजे निस्वान	एम.एस. पाठ्यक्रम) प्रसूति एवं स्त्री रोग

6.LukrdkRrj lLFkk tgk Lukrd ikB;de vfLrRo e g dfy, U;ure vko';drk, -& स्नातकोत्तर संस्था जहॉ स्नातक पाठ्यक्रम अस्तित्व में हैं निम्नलिखित आवश्यकताओं को पूरा करेगा नामत् :—

(1) स्नातक संस्था जो स्नातक पाठ्यक्रम के साढ़े चार वर्ष पूरे कर चुकी हो व स्नातकोत्तर पाठ्यक्रम के प्रारंभ के लिए आवेदन कर सकती है।

(2) संस्था भारतीय चिकित्सा केन्द्रीय परिषद् (यूनानी महाविद्यालयों एवं संलग्न अस्पतालों के न्यूनतम मानक आवश्यकताएं) विनियम, 2016 यथा समय - समय पर संशोधित विनियम की समस्त न्यूनतम आवश्यकताओं को पूर्ण करेगी।

(3) संस्था के पास स्नातकोत्तर विशिष्टता के लिए भारतीय चिकित्सा केन्द्रीय परिषद् (यूनानी महाविद्यालयों एवं संलग्न अस्पतालों के न्यूनतम मानक आवश्यकताएं) विनियम, 2016 यथा समय - समय पर संशोधित विनियम के अनुसार समस्त उपकरण एवं अनुसंधान की सुविधाएं होनी चाहिए।

(4) संस्था के पास स्नातकोत्तर पाठ्यक्रम प्रारम करने के लिए केन्द्रीय अनुसंधान प्रयोगशाला (सेन्ट्रल रिसर्च लेबोरेट्री) एवं एनिमल हाउस चाहिए। एनिमल हाउस स्वामित्व में अथवा सहयोग से हो सकता है।

(5) पहले से अस्त्तिव में स्नातकोत्तर संस्थान उपर लिखे उप– विनियम 4 की आवश्यकता को 31 दिसंबर 2016 को पूरा करेंगे।

(6) अतिरिक्त सहायक स्टाफ अर्थात बायोकेमिस्ट, फार्मा कॉलोजिस्ट, बायो–स्टेटिस्टीशीयन, माइक्रोबायोलोजिस्ट, की नियुक्ति होने चाहिए। उनकी शैक्षिणिक योग्यता विषय विशेष में स्नातकोत्तर अथवा समकक्ष योग्यता किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से हानी चाहिए।

(7) स्नातकोत्तर पाठ्यक्रम प्रारंम करने के लिए विषय विशेष में न्यूनतम अतिरिक्त अध्यापक (स्नातकीय पाठ्यक्रम की आवश्यकता के अतिरिक्त) एक प्राध्यापक अथवा प्रवाचक एवं एक व्याख्यता की आवश्यकता होगी एवं जो विशिष्टता स्नातक स्तर पर स्वतंत्र विभाग के अस्तित्व में न हो, वहां स्नातकोत्तर पाठ्यक्रम प्रारंम करने के लिए न्यूनतम आवश्यकता एक प्राध्यापक अथवा प्रवाचक एवं एक व्याख्यता की होगी।

(8) शैक्षिणिक सत्र 2017–18 से स्नातकोत्तर विभाग अथवा विषय विशिष्टता में न्यूनतम एक प्राध्यापक आवश्यक रूप से होनी चाहिए।

(9) तशरीहुल बदन, मुनाफेउल आजा, इल्मुल अदविया, इल्मुल सैदला, महियातुल अमराज़ एवं ज़राहत विभागों में स्नातकीय पाठ्यक्रम की आवश्यकता के अतिरिक्त निम्नलिखित गैर शैक्षिणिक स्टॉफ की आवश्यता है।

(i) प्रयोगशाला तकनीशियन — 1 (एक)

(ii) प्रयोगशाला सहायक — 1 (एक)

(iii) परिचर अथवा चपरासी अथवा बहुउद्देदशीय कार्यकर्ता 1 (एक) प्रयोगशाला सहायक — 1 (एक)

(10) संस्था के पास विशिष्टता अनुसार पूर्णतः सुसस्ज्ति न्यूनतम सौ शैय्याओं वाला अस्पताल जैसाकि भारतीय चिकित्सा केन्द्रीय परिषद् (यूनानी महाविद्यालयों एवं संलग्न अस्पतालों के न्यूनतम मानक आवश्यकताएं) विनियम, 2016 यथा समय - समय पर संशोधित विनियम में विदित हो, होना चाहिए ।

(11) उन स्नातकोत्तर संस्थानों में जहां साठ छात्रों तक स्नातक पाठ्यक्रम अस्तित्व में हैं, दस स्नातकोत्तर सीट नैदानिक विषयों में शैय्याओं की उन संख्या पर जैसाकि उप – विनियम (10) में विदित है देय होंगी। दस से अधिक नैदानिक विषयों में स्नातकोत्तर सीट के लिए उप–विनियम (10) में विदित शैय्याओं से अतिरिक्त छात्र : शैय्या अनुपात 1:4 होगा।

(12) गैरनैदानिक स्नातकोत्तर विषय जैसाकि विनियम 4 के क्रम संख्या 1 से 5, 8 एवं 11 में विदित हैं के लिए शैय्याओं की आवश्यकता उप–विनियम (10) के अनुसार होगी।

(13) उन स्नातकोत्तर संस्थानों में जहां इकसठ् से सौ छात्रों तक स्नातक पाठ्यक्रम अस्तित्व में हैं, वहां नैदानिक विषयों में स्नातकोत्तर सीट के लिए उप–विनियम (10) में विदित शैय्याओं से अतिरिक्त छात्र : शैय्या अनुपात 1:4 होगा।

(14) गत एक कैलेण्डर वर्ष के दौरान (अर्थात 365 दिन एवं लीप वर्ष में 366 दिन) अन्तरंग रोगी विभाग में न्यूनतम आवश्यक वार्षिक शैय्या अधिभोग 50 प्रतिशत् से अधिक होना चाहिए एवं न्यूनतम आवश्यक बाह्रय रोगी विभाग की उपस्थिति गत एक कैलेण्डर वर्ष (300 दिन) के दौरान 120 प्रतिदिन (उन स्नातकोत्तर संस्थानों में जहां साठ छात्रों तक स्नातक पाठ्यक्रम अस्तित्व में है) एवं 200 प्रतिदिन (उन स्नातकोत्तर संस्थानों में जहां इकसठ् से सौ छात्रों तक स्नातक पाठ्यक्रम अस्तित्व में है) होनी चाहिए।

(15) नैदानिक विभागों में नैदानिक स्नातकोत्तर सीट के लिए बढाई गई प्रत्येक अतिरिक्त 20 शैय्याओं के लिए एक क्लीनिकल रजिस्ट्रार अथवा वरिष्ठ आवासीय अथवा आवासीय चिकित्सा अधिकारी की अतिरिक्त आवश्यकता होगी।

7. LukrdkRrj lLFkk tgk Lukrd ikB;de vfLrRo e ugh g dh fy, U;wure vko';drk,a -& स्नातकोत्तर संस्था जहॉ स्नातक पाठ्यक्रम अस्तित्व में नहीं हैं निम्नलिखित आवश्यकताओं को पूरा करेगा नामत् :–

(1) स्नातकोत्तर पाठ्यक्रम चलाने वाली संस्था के पास पूर्णतः सुसज्जित अस्पताल जैसाकि भारतीय चिकित्सा केन्द्रीय परिषद् (यूनानी महाविद्यालयों एवं संलग्न अस्पतालों के न्यूनतम मानक आवश्यकताएं) विनियम, 2016 यथा समय - समय पर संशोधित विनियम में विदित हो, होना चाहिए ।

(2) संस्था के पास स्नातकोत्तर विशिष्टता के प्रशिक्षण के लिए भारतीय चिकित्सा केन्द्रीय परिषद् (यूनानी महाविद्यालयों एवं संलग्न अस्पतालों के न्यूनतम मानक आवश्यकताएं) विनियम, 2016 यथा समय - समय पर संशोधित विनियम के अनुसार समस्त उपकरण एवं अनुसंधान की सुविधाएं होनी चाहिए।

(3) संस्था के पास स्नातकोत्तर पाठ्यक्रम प्रारम करने के लिए केन्द्रीय अनुसंधान प्रयोगशाला (सेन्ट्रल रिर्सच लेबोरेट्री) एवं एनिमल हाउस चाहिए। एनिमल हाउस स्वामित्व में अथवा सहयोग से हो सकता है।

(4) पहले से अस्तित्व में स्नातकोत्तर संस्थान उपर लिखे उप—विनियम (3) की आवश्यकता को 31 दिसंबर 2016 को पूरा करेंगे।

(5)अतिरिक्त सहायक स्टाफ अर्थात बायोकेमिस्ट, फार्मा कॉलोजिस्ट, बायो—स्टेटिस्टीशीयन, माइक्रोबायोलोजिस्ट, की नियुक्ति होने चाहिए। उनकी शैक्षिणिक योग्यता विषय विशेष में स्नातकोत्तर अथवा समकक्ष योग्यता किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से होनी चाहिए।

(6) विषय विशेष में स्नातकोत्तर पाठ्यक्रम प्रारंम करने के लिए उस विषय के न्यूनतम तीन अध्यापक – एक प्राध्यापक, एक प्रवाचक/सह प्राध्यापक एवं एक व्याख्यता/सहायक प्राध्यापक; अथवा एक प्राध्यापक अथवा एक प्रवाचक/सह प्राध्यापक एवं दो व्याख्यता/सहायक प्राध्यापक; की आवश्यकता होगी।

(7) संस्था के पास अंशकालीक आधार पर शिक्षण के लिए संबंधित विषयक परामर्शदाता अथवा अंशकालीक टीचर जैसाकि भारतीय चिकित्सा केन्द्रीय परिषद् (यूनानी महाविद्यालयों एवं संलग्न अस्पतालों के न्यूनतम मानक आवश्यकताएं) विनियम, 2016 यथा समय - समय पर संशोधित विनियम में विदित हो, होना चाहिए ।

(8) शैक्षिणिक सत्र 2017—18 से स्नातकोत्तर विभाग अथवा विषय विशिष्टता में न्यूनतम एक प्राध्यापक आवश्यक रूप से होना चाहिए।

(9) तशरीहुल बदन, मुनाफेउल आजा, इल्मुल अदविया, इल्मुल सैदला, महियातुल अमराज़ एवं ज़राहत विभागों में निम्नलिखित गैर शैक्षिणिक स्टॉफ की आवश्यता है

(i) प्रयोगशाला तकनीशियन – 1 (एक)

(ii) प्रयोगशाला सहायक – 1 (एक)

(iii) परिचर अथवा चपरासी अथवा बहुउद्देदशीय कार्यकर्ता 1 (एक)

(10) उपर लिखे उप - विनियम (9) में विदित विभागों के अलावा अन्य विभागों में निम्नलिखित गैर शैक्षिणिक स्टॉफ की आवश्यता है:—

(i) कार्यालय सहायक एवं डाटा एंट्री ऑपरेटर – 1 (एक)

(ii) परिचर अथवा चपरासी अथवा बहुउद्देदशीय कार्यकर्ता – 1 (एक)

(11) संस्था के पास रोगी विभाग में न्यूनतम 75 शैय्या हों एवं गत एक कैलेण्डर वर्ष के दौरान (अर्थात 365 दिन एवं लीप वर्ष में 366 दिन) अन्तरंग रोगी विभाग में न्यूनतम आवश्यक वार्षिक शैय्या अधिभोग 50 प्रतिशत् से अधिक होना चाहिए।

(12) न्यूनतम आवश्यक बाह्य रोगी विभाग की उपस्थिति गत एक कैलेण्डर वर्ष (300 दिन) के दौरान 120 प्रतिदिन होनी चाहिए।

(13) उन्नीस स्नातकोत्तर सीट नैदानिक विषयों में शैय्याओं की उन संख्या पर जैसाकि उप – विनियम (11) में विदित है देय होंगी। उन्नीस से अधिक नैदानिक विषयों में स्नातकोत्तर सीट के लिए उप—विनियम (11) में विदित शैय्याओं से अतिरिक्त छात्र : शैय्या अनुपात 1:4 होगा।

(14) विशिष्ट नैदानिक विषयों में स्नातकोत्तर पाठ्यक्रम चलाने वाले संस्थान अस्पताल में भारतीय चिकित्सा केन्द्रीय परिषद् (यूनानी महाविद्यालयों एवं संलग्न अस्पतालों के न्यूनतम मानक आवश्यकताएं) विनियम, 2016 यथा समय - समय पर संशोधित विनियम में विदित हो के अनुसार संबंधित बाह्य रोगी विभाग एवं अन्तरंग रोगी विभाग एवं प्रयोगशाला रखेंगे।

प्रतिदिन रोगियों की न्यूनतम औसत संख्या जैसाकि उप – विनियम (11) एवं 12 में विदित है तय करने के लिए संबंधित बाह्य रोगी विभाग एवं अन्तरंग रोगी विभाग में मरीजों की पूर्ण उपस्थिति देखी जाएगी।

(15) गैर नैदानिक विषयों में स्नातकोत्तर पाठ्यक्रम चलाने वाले संस्थान अस्पताल में भारतीय चिकित्सा केन्द्रीय परिषद् (यूनानी महाविद्यालयों एवं संलग्न अस्पतालों के न्यूनतम मानक आवश्यकताएं) विनियम, 2016 यथा समय - समय पर संशोधित विनियम में विदित हो के अनुसार कोई भी बाह्य रोगी विभाग एवं अन्तरंग रोगी विभाग एवं उससे संबंधित प्रयोगशाला रखेंगे।

प्रतिदिन रोगियों की न्यूनतम औसत संख्या जैसाकि उप – विनियम (11) एवं 12 में विदित है तय करने के लिए संबंधित बाह्य रोगी विभाग एवं अन्तरंग रोगी विभाग में मरीजों की पूर्ण उपस्थिति देखी जाएगी।

(16) नैदानिक विभागों में नैदानिक स्नातकोत्तर सीट के लिए प्रत्येक 20 शैय्याओं पर एक क्लीनिकल रजिस्ट्रार अथवा वरिष्ठ आवासीय अथवा आवासीय चिकित्सा अधिकारी की आवश्यकता होगी।

fVIi.kh %&

रिक्त शैक्षिणक पदों पर नियमित भर्ती तक सेवा निवृत्त प्रध्यापक अथवा प्रवाचक एवं सहायक प्रध्यापक एवं व्याख्यता एवं सहायक प्रध्यापक को 65 वर्ष की आयु तक संविदा पर रखा जा सकता है।

8. **प्रवेश की पद्धति**.-

1 **सामान्य अभ्यर्थी :** (क) भारतीय चिकित्सा केन्द्रीय परिषद् अधिनियम, 1970 की द्वितीय अनुसूची में सम्मिलित मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय अथवा संस्थान से कामिल-ए-तिब-वा-जराहत (बैचलर ऑफ यूनानी मेडिसिन एण्ड सर्जरी) की उपाधि या समतुल्य उपाधि धारक और भारतीय चिकित्सा पद्धति की राज्य पंजिका में प्रविष्ट कोई व्यक्ति स्नातकोत्तर उपाधि पाठ्यक्रम में प्रवेश के लिए पात्र होगा।

(ख) विश्वविद्यालय या सक्षम प्राधिकारी एक प्रवेश समिति का गठन करेगा जो प्रवेश से सम्बन्धित प्रक्रिया का पर्यवेक्षण करेगी।

(ग) अभ्यर्थियों का चयन स्नातकोत्तर प्रवेश परीक्षा (पी.जी.ई.टी.) के माध्यम से 100 अंको में प्राप्त अंतिम प्रवेश सूचकांक के आधार पर ही किया जाएगा तथा स्नातकोत्तर प्रवेश परीक्षा (पी.जी.ई.टी.) कुल 100 अंकों का होगा जिसमें 80 प्रतिशत अंक भार स्नातकोत्तर प्रवेश परीक्षा (पी.जी.ई.टी.) का होंगे एवं 20 प्रतिशत अंक भार स्नातक पाठ्यक्रम में प्राप्त अंकों के होंगे ।

(घ) 100 अंको की स्नातकोत्तर प्रवेश परीक्षा (पी.जी.ई.टी.) का बहुविकल्पीय प्रश्नपत्र वस्तुनिष्ठ प्रकार के प्रश्नों का होगा जिसमें कामिल-ए-तिब-वा जराहत (बैचलर ऑफ यूनानी मेडिसिन एण्ड सर्जरी) पाठ्यक्रम के सभी विषय समाविष्ट किए जाएंगे।

(ड़) यूनानी चिकित्सा के किसी विषय में स्नातकोत्तर उपाधि धारक किसी अभ्यर्थी को यूनानी चिकित्सा के किसी अन्य विषय में अगले पॉच वर्षों के लिए स्नातकोत्तर पाठ्यक्रम हेतु प्रवेश की अनुमति नहीं दी जाएगी।

(च) सामान्य श्रेणी अभ्यर्थियों के मामले में प्रवेश हेतु प्रवेश-परीक्षा के न्यूनतम पात्रता अंक कुल अंकों के पचास प्रतिशत अंक होंगे तथा अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति तथा नियमित सरकारी सेवा अभ्यर्थियों के मामले में चालीस प्रतिशत अंक होंगे। अन्य पिछडी जाति के अभ्यार्थियों के लिए न्यूनतम पात्रता पैंत्तालिस प्रतिशत अंक होंगे।

(छ) प्रायोजित अभ्यर्थियों को उप-विनियम (च) में विनिर्दिष्ट अंकों का प्रतिशत प्राप्त करना भी आवश्यक होगा।
(ज) प्रायोजित विदेशी राष्ट्रिकों (नागरिकों) को उप-विनियम (च) में विनिर्दिष्ट अंकों का प्रतिशत प्राप्त करना की आवश्यकता नही है।

(झ) सभी श्रेणियों के लिए आरक्षण केन्द्रीय सरकार अथवा राज्य सरकार द्वारा समय-समय पर जारी की गई नीतियों अथवा दिशानिर्देशों के अनुसार लागू होगा।

(ञ) कोई अभ्यर्थी जिसे स्नातकोत्तर उपाधि पाठ्यक्रम की किसी विशिष्टता में प्रवेश मिल चुका हो उसे प्रवेश की तारीख से दो माह की अवधि के भीतर ही स्नातकोत्तर पाठ्यक्रम हेतु यूनानी चिकित्सा के किसी अन्य विषय में परिवर्तित होने या प्रवेश मांगने की अनुमति सीट की रिक्तता व गाइड की उपल्बधता होने पर दी जाएगी।
(2). **सेवारत अभ्यर्थीः** (क) अभ्यर्थी मान्यताप्राप्त अथवा अनुमोदित यूनानी चिकित्सा महाविद्यालय में
सम्बन्धित विषय में कम से कम पांच वर्ष की अवधि हेतु सेवा में होगा।

(ख) अभ्यर्थी स्नातकोत्तर प्रवेश परीक्षा (पी.जी.ई.टी.) में उपस्थित होंगे तथा इसमें अर्हक अंक प्राप्त करेंगे।
(ग) अभ्यर्थी संस्था से तीन वर्ष का अवकाश लेंगे। अभ्यर्थी को शिक्षकों हेतु विश्वविद्यालय द्वारा नियत सीट के अनुपात में प्रवेश दिया जाएगा। (विश्वविद्यालय द्वारा सेवारत शिक्षण प्रदान करने वाले अभ्यर्थी के लिए प्रत्येक विषय में एक सीट नियत की जाएगी)
(घ) सामान्य श्रेणी अभ्यर्थी के मामले में अन्य शर्ते वही रहेंगी।

9. पाठ्यक्रम की अवधि तथा उपस्थिति.-

(1) स्नातकोत्तर उपाधि पाठ्यक्रम की अवधि तीन वर्ष की होगी।

(2) छात्र को वार्षिक परीक्षा में उपस्थित होने के लिए पात्र होने हेतु कुल व्याख्यानों, प्रयोगात्मक तथा

नैदानिक शिक्षण अथवा कक्षाओं में कम से कम 75 प्रतिशत उपस्थिति सुनिश्चित करनी होगी।

(3) अध्ययन की अवधि के दौरान छात्र को अस्पताल की तथा अन्य ड्यूटी जैसी कि उनके लिए नियत की गई है, पूरी करनी होगी।

(4) सम्पूर्ण अवधि के दौरान नैदानिक विषय के छात्रों को अपने सम्बन्धित विभागों में रेजीडेन्ट ड्यूटी करनी होगी तथा गैर नैदानिक विषय के छात्र उनके सम्बन्धित विभागों जैसे भैषजिकी, औषधि उद्यान तथा प्रयोगशाला में ड्यूटी करेंगे।

(5) छात्रों को विशेष व्याख्यानों, प्रदर्शनों, संगोष्ठियों, अध्ययन दौरों तथा शिक्षण विभागों द्वारा व्यवस्थित किये गये अन्य कार्यकलापों में भाग लेना होगा।

(6) पाठ्यक्रम पूरा करने की अधिकतम अवधि प्रवेश की तारीख से 6 वर्ष होगी।

(7) स्नातकोत्तर छात्र की उपस्थिति वेब आधारित केन्द्रीयकृत बायोमेट्रिक उपस्थिति प्रणाली द्वारा और छात्र के स्नातकोत्तर विभाग के स्तर पर मैनअुल उपस्थिति आवश्यक होगी।

10. प्रशिक्षण की विधि.- (1) पाठ्यक्रम के प्रथम वर्ष मे छात्र को यूनानी के सैद्धांतिक और व्यावहारिक पहलुओं का ज्ञान प्राप्त करना होगा

(2) संबंधित विषय का शास्त्रीय ज्ञान तुलनात्मक गहन प्रशिक्षण के साथ प्रदान किया जाएगा।

(3) व्यावहारिक एवं व्यक्तिगत प्रशिक्षण पर गहन जोर देना होगा।

(4) छात्रों को सूचना प्रोद्योगिकी का प्रयोग कर संबंधित क्षेत्र में अनुसंधान की तकनीक और तरीको के बारे में ज्ञान प्राप्त करना होगा।

(5) नैदानिक विषयों के छात्रों को स्वतन्त्र रूप से रोगियों की चिकित्सा और प्रबन्धन तथा आपातकालीन चिकित्सा की जिम्मेदारी दी जाएगी।

(6) छात्र को शिक्षण प्रोद्योगिकी व अनुसंधान विधियों का प्रशिक्षण प्राप्त करना होगा एवं पढ़ाई के दौरान स्नातक छात्रों अथवा इनटर्न के शिक्षण **व** प्रशिक्षण कार्यक्रमों में भी भाग लेना होगा।

(7) नैदानिक प्रशिक्षण में छात्र को एक विशेशज्ञ के रूप में स्वतंत्र काम करने का ज्ञान प्राप्त करना होगा।

(8) मोआलाजात, इल्मुल जराहत, अमराजे उज्न, अनफ वा हलक तथा कबालत वा अमराजे निस्वान की विशिष्टताओं में छात्र को सम्बन्धित विशिष्टताओं में अन्वेषणात्मक प्रक्रियाओं, तकनीकों तथा प्रक्रियाओं तथा प्रबन्धन के शल्यकर्म क्रिया निष्पादन का प्रशिक्षण दिया जाएगा।

11. शोध प्रबंध.- (1) भारतीय चिकित्सा केन्द्रीय परिषद् द्वारा नियुक्त केन्द्रीय वैज्ञानिक सलाहकार पोस्ट ग्रेजुएट समिति हर शैक्षिणिक वर्ष ध्यान केन्द्रित किये जाने वाले अनुसंधान और विषयों के क्षेत्र का सुझाव देगी। जिससे वैश्विक मानको की जरूरत के आधार पर प्रमाणित यूनानी को प्रचलित करने और उसे प्रकाशित करने में सहायक हो। विश्वविद्यालय समिति भी **शोध प्रबंध का शीर्षक अनुमोदन करते समय इस बात का ध्यान रखेगी ।**

(2) स्नातकोत्तर पाठ्यक्रम मे प्रवेश की तिथि से 6 माह की अवधि के भीतर विश्वविद्यालय द्वारा भारतीय चिकित्सा अनुसंधान परिषद् (आई.सी.एम. आर.) के दिशा निर्देशों पर गठित आचार समिति के अनुमोदन के साथ शोध प्रबंध का शीर्षक एवं सार विश्वविद्यालय को प्रस्तुत किया जाएगा।

(3) यदि गैरनैदानिक विषय का छात्र नैदानिक परीक्षण से जुड़ा शोध शीर्षक लेता है तो थीसीस तैयार करने के लिए संबंधित विषय के नैदानिक शिक्षक को सह गाईड बनाना होगा।

(4) शोध प्रबंध के सार की एक प्रति विशविद्यालय में प्रस्तुत करने से पहले भारतीय चिकित्सा केनद्रीय परिषद् की वैज्ञानिक समिति को प्रस्तुत की जाएगी।

(5) यदि छात्र उप-विनियम (2) में निर्दिष्ट अवधि के भीतर शोध प्रबंध का शीर्षक एवं सार प्रस्तुत करने मे विफल रहता है तो अंतिम स्नातकोत्तर पाठ्यक्रम की अवधि सार प्रस्तुत करने के समय के अनुसार 6 महीने या उससे अधिक के लिए बढ़ाई जाएगी।

(6) प्रस्तावित योजना का सार प्रस्तावित विषय से संबंधित काम की विशेषज्ञता, कार्य योजना, विभाग का नाम, और गाईड या पर्यवेक्षक और सह गाईड (यदि कोई हो) के नाम व पद का संकेत होगा। विश्वविद्यालय सार जमा करने के तीन महीने के भीतर सार का अनुमोदन करेगा।

(7) शीर्षक का अनुमोदन करने के लिए विश्वविद्यालय अनुसंधान अध्ययन के एक बोर्ड का गठन करेगा।

(8) विश्वविद्यालय अपनी वेबसाइट पर शोध प्रबंध के सार के अनुमोदन को प्रदर्शित करेगा।

(9) शोध प्रबंध का विषय अनुसंधान उन्मुख, व्यावहारिक उन्मुख, नवीन और यूनानी प्रणाली के विकास में सहायक हो। शोध प्रबंध का विषय विशिष्ट विषय से संबंधित होगा।

(10) एक बार जब शोध प्रबंध के शीर्षक स्नातकोत्तर को विश्वविद्यालय के अनुसंधान अध्ययन बोर्ड ने मंजुरी दे दी, उसके बाद छात्र को विश्वविद्यालय की अनुमति के बिना काम के प्रस्तावित विषय के शीर्षक को बदलने की अनुमति नहीं दी जाएगी।

(11) किसी भी छात्र को पाठ्यक्रम के पूरा होने के छः महीने पहले शोध प्रबंध जमा करने की अनुमति नही दी जाएगी एवं 3 साल से पहले शोध प्रबंध जमा करने के बाद भी पाठ्यक्रम के तीन साल पूरा करने के लिए छात्र संस्था में नियमित रूप से अध्ययन जारी करेगा।

(12) विश्वविद्यालय द्वारा अनुमोदित शोध प्रबंध में छात्र गाइड या पर्यवेक्षक के मार्गदर्शन में किये अनुसंधान के तरीको एवं डाटा को सम्मिलित करेगा।

(13) शोध प्रबंध में महत्वपूर्ण साहित्यिक समीक्षा, कार्यप्रणाली, अनुसंधान का परिणाम एवं अनुसंधान के आधार पर चर्चा, सारांश, निष्कर्ष एवं संदर्भों का समावेश होगा जिससे शोध प्रबंध प्रकाशन के लिए उपयुक्त हो।

(14) शोध प्रबंध कम से कम चालीस हजार शब्दों से मिलकर बनेगा।

(15) शोध प्रबंध के अंत में कम से कम पन्द्रह सौ शब्दों का सारांश एवं एक हजार शब्दों का निष्कर्ष होना चाहिए।

(16) गाइड या पर्यवेक्षक प्रोफेसर या रीडर या व्याख्याता या विजिटिंग प्रोफेसर या स्नातकोत्तर विभागों में संविदात्मक संकाय हो सकता है। विजिटिंग फैकल्टी को शिक्षण स्टाफ में सम्मिलित नहीं किया जाएगा।

(17) एक गैर-स्नातकोत्तर शिक्षक के पास स्नातकोत्तर छात्रों को मार्गदर्शन करने के लिए विशिष्ट विषय या उसके एलाइड विषय में पॉच वर्ष का शैक्षणिक अनुभव होना आवश्यक हैं।

(18) पर्यवेक्षक या गाइड के प्रमाण पत्र के साथ बंधे हुए शोध प्रबंध की पांच प्रतियां अंतिम परीक्षा से चार महीने पहले विश्वविद्यालय के रजिस्ट्रार के कार्यालय मे जमा की जाएगी।

(19) शोध प्रबंध का मूल्यांकन विश्वविद्यालय द्वारा नियुक्त दो बाहरी और दो आंतरिक परीक्षकों द्वारा किया जाएगा।

(20) उप-विनियम (19) के तहत नियुक्त परीक्षकों के अनुमोदन के बाद ही शोध प्रबंध स्वीकार किया जाएगा और एक बाहरी परीक्षक द्वारा अस्वीकृति के मामले में शोध प्रबंध विश्वविद्यालय द्वारा अनुमोदित तीसरे बाहरी परीक्षक को भेजा जाएगा।

(21) यदि शोध प्रबंध दो बाहरी परीक्षकों द्वारा स्वीकार नहीं किया जाता है तो इसे परीक्षकों की टिप्पणी के साथ छात्र को लौटा दिया जाएगा। परीक्षकों की रिर्पोट के आलोक में आवश्यक सुधार करने के बाद छात्र शोध प्रबंध को फिर से छह महीने की अतिरिक्त अवधि के भीतर विश्वविद्यालय को जमा करेगा।

(22) परीक्षकों द्वारा शोध प्रबंध के अनुमोदन के बाद ही छात्र को स्नातकोत्तर डिग्री पाठ्यक्रम की अंतिम परीक्षा में बैठने की अनुमति दी जाएगी।

(23) अंतर - अनुशासनात्मक अनुसंधान के लिए सम्बंधित विशेषता से गाइड या पर्यवेक्षक चुना जा सकता है।

12. परीक्षा एवं मूल्यांकन :- (1) स्नातकोत्तर डिग्री पाठ्यक्रम में निम्नलिखित तरीके से दो परीक्षाएं होगी-

(क) प्रवेश के बाद प्रांरभिक परीक्षा, एक शैक्षणिक वर्ष के अंत में आयोजित की जाएगी।

(ख) अंतिम परीक्षा स्नातकोत्तर पाठ्यक्रम में प्रवेश के बाद तीन शैक्षणिक वर्ष पूरे होने पर आयोजित की जाएगी।

(ग) परीक्षा आमतौर पर जून या जुलाई और नवंबर या दिसंबर के महीने में आयोजित की जाएगी।

(घ) परीक्षा में सफल घोषित किए जाने के लिए छात्र को प्रारंभिक परीक्षा के सभी विषयों में पास होना होगा।

(ड़) पास घोषित करने के लिए छात्र को अलग - अलग से पचास प्रतिशत अंक सिद्धांत विषयों और प्रैक्टिकल में प्राप्त करने होंगे।

(च) अगर एक छात्र प्रारंभिक परीक्षा में विफल रहता है, उसे अंतिम परीक्षा में शामिल होने से पहले प्रारंभिक परीक्षा पास करनी होगी;

(छ) अगर छात्र अंतिम परीक्षा में प्रैक्टिकल या थ्यौरी विषय में विफल रहता है, वह एक ताजा शोध प्रबंध प्रस्तुत करने की आवश्यकता के बिना बाद में परीक्षा में प्रकट हो सकता है ;

(ज) विफल रहे उम्मीदवारों के लिए बाद में परीक्षा हर छह महीने के अंतराल पर आयोजित की जाएगी। तथा

(झ) छात्र को शोध प्रबंध के स्वीकृत होने व अंतिम परीक्षा में पास होने के बाद स्नातकोत्तर उपाधि से सम्मानित किया जाएगा।

(2) परीक्षा का उद्देश्य छात्र का विशेष विषय में नैदानिक कौशल, क्षमता और व्यावहारिक पहलू में कार्यसाधक ज्ञान और एक विशेषज्ञ के रूप में स्वतंत्र रूप से काम करने की क्षमता का परीक्षण करना होगा।

(3) नैदानिक परीक्षा का उद्देश्य छात्र का यूनानी का ज्ञान एवं विषय विशेष में वैज्ञानिक साहित्य को परखना होगा।

(4) प्रैक्टिल के मौखिक परीक्षा भाग में विशेषता के किसी भी पहलू पर व्यापक चर्चा शामिल की जाएगी।

13. परीक्षा के fo'k; %& (1) प्रवेश के बाद एक शैक्षणिक वर्ष के अंत में प्रारंभिक परीक्षा निम्नलिखित विषयों, मे आयोजित की जाएगी :

प्रश्नपत्र –(I)

भाग अ अनुसंधान क्रियाविधि ;

भाग ब जैव या चिकित्सा सांख्यिकी;

प्रश्नपत्र –(II)

भाग अ विषय की बुनियादी बातों का ऍप्लाइड पहलु;

भाग ब संबंधित विषय।

(2) छात्र को संबंधित विभाग में प्रशिक्षण से गुजरना होगा और उसे अपनी चुनी गयी विशेषता में पिछले दो वर्षों के दौरान किये निम्नलिखित कार्य का मासिक रिकार्ड रखना होगा :-

(क) विशेषता से संबंधित साहित्य का अध्ययन;

(ख) नैदानिक विषय के छात्र के लिए अस्पताल में नियमित रूप से नैदानिक प्रशिक्षण;

(ग) गैर चिकित्सीय विषय के छात्र के लिए विभाग में किये जाने वाले अनुसंधान कार्य का व्यावहारिक प्रशिक्षण;

(घ) विभिन्न सेमिनार, संगोष्ठियों और विचार विमर्श में भाग लेने; तथा

(ड़) शोध प्रबंध में विषय पर किय गए कार्य की प्रगति।

(3) उप -विनियम (2) में निर्दिष्ट पहले वर्ष के दौरान प्रथम वर्ष के स्नातकोत्तर पाठ्यक्रम के छात्रों द्वारा किए गए कार्य का आकलन प्रारंभिक परीक्षा से पहले किया जाएगा।

(4) अंतिम परीक्षा शोध प्रबंध, लिखित परीक्षा और नैदानिक या व्यावहारिक और मौखिक परीक्षा पर सम्मिलित होगी।

(5) प्रत्येक विशेषता में चार परीक्षा पत्र, और संबंधित विशेषता या विशेष अध्ययन के लिए छात्र द्वारा चयनित उप विशिष्टताओं के समूह में एक व्यावहारिक या नैदानिक और मौखिक परीक्षा होगी।

(6) छात्र का शोध कार्य पर कम से कम एक पत्र पत्रिका (जर्नल) में प्रकाशित या प्रकाशन के लिए स्वीकृत हो और एक पत्र क्षेत्रीय स्तर सगौष्ठी में प्रस्तुत करेगा।

14. परीक्षा की पद्वति और परीक्षक (एस) की नियुक्ति%& (1) प्रारंभिक और अंतिम परीक्षा लिखित, व्यावहारिक, नैदानिक, और मौखिक रूप में आयोजित की जाएगी।

(2) प्रारंभिक परीक्षा दो परीक्षकों की टीम द्वारा जिसमें से एक परीक्षक किसी अन्य संस्था से हो और अंतिम परीक्षा चार परीक्षकों की टीम द्वारा जिसमें से दो परीक्षक भी अन्य संस्था से हो संचालित की जाएगी।

(3) संबंधित विषय में पांच साल का शिक्षण अनुभव या अनुसंधान अनुभव होने पर ही शिक्षक को निरीक्षक नियुक्त करने का पात्र माना जाएगा।

15. स्नातकोत्तर छात्रों के लिए सुविधाएं :- वजीफा और आकस्मिकता, कन्टिन्जेंसी केन्द्र सरकार, संबंधित राज्य सरकार, या विश्वविद्यालय ,द्वारा नियंत्रित (जैसा भी मामला हो) संस्थानों में उनके द्वारा तय दरों पर दी जाएगी।

16. शिक्षक -छात्र अनुपात - (1) शिक्षक -छात्र अनुपात स्नातकोत्तर शिक्षकों की संख्या प्रत्येक वर्ष प्रवेशित स्नातकोत्तर छात्रों की संख्या प्रोफेसर (1:3), रीडर (1:2) या एसोसिएट प्रोफेसर जारी रखा जाएगा।

(2) लैकचरर या सहायक/प्रोफेसर जिन्हें पॉच वर्ष का अध्ययन अनुभव होगा शिक्षक छात्र अनुपात (1:1) होगा।

17. स्नातकोत्तर पाठ्यक्रम छात्रों की अधिकतम संख्या :-

किसी भी विशेषता में प्रतिवर्ष छात्रों की अधिकतम संख्या बारह से अधिक नही होगी

18. निर्देश का माध्यम :-

शिक्षा का माध्यम उर्दू या हिंदी या किसी मान्यता प्राप्त क्षेत्रीय भाषा या अंग्रेजी होगी।

19. शिक्षण स्टॉफ हेतु अर्हताएं - स्नातकोत्तर शिक्षकों हेतु शिक्षण स्टॉफ के लिए अर्हताएं निम्नवत् होगी-

(क) अनिवार्य :- **(i)** विधि द्वारा स्थापित किसी विश्वविद्यालय से यूनानी चिकित्सा में स्नातक उपाधि।

(ii) भारतीय चिकित्सा केन्द्रीय परिषद् अधिनियम 1970 की अनुसूची में सम्मिलित संबंधित अथवा समवर्गी विषय में स्नातकोत्तर अर्हता

(ख) वांछनीय :-

(i) संबंधित विषय में स्नातकोत्तर अध्यापन अनुभव;

(ii) संबंधित विषय पर प्रकाशित मूल पत्र अथवा पुस्तकें;

(iii) अरबी या फारसी या अंग्रेजी का अच्छा ज्ञान ।

(ग) अनुभव :- —

(i) प्राध्यापक के लिएः संबंधित विषय में कुल 10 वर्षों का अध्यापन अनुभव अथवा 5 वर्षों का संबंधित विषय में प्रवाचक का अनुभव अथवा नियमित रूप से केन्द्र सराकर, या राज्य सरकार या केन्द्र शासित प्रदेश या विश्वविद्यालय या राजकीय संस्थानों के अनुसंधान परिषद् में कुल 10 वर्षों का अनुसंधान अनुभव एवं पत्रिका में पांच प्रकशित पत्र।

(ii) प्रवाचक के लिएः संबंधित विषय में कुल 5 वर्षों का अध्यापन अनुभव अथवा नियमित रूप से केन्द्र सराकर, या राज्य सरकार या केन्द्र शासित प्रदेश या विश्वविद्यालय या राजकीय संस्थानों के अनुसंधान परिषद् में कुल 5 वर्षों का अनुसंधान अनुभव एवं पत्रिका में पांच प्रकशित पत्र।

(iii) व्याख्याता के लिएः प्रथम नियुक्ति के समय आयु 45 वर्ष से अधिक न हो एवं किसी अध्यापन अनुभव की आवश्यकता नही हैं।

(घ) संस्था के प्रमुख के पद के लिए अर्हता एवं अनुभव : संस्था के प्रमुख (प्रधानाचार्य अथवा अधिष्ठाता अथवा निदेशक) के इन पदो के लिए निर्धारित अर्हता एवं अनुभव अनिवार्य होगा।

(ड़) समवर्गी विषयों हेतु प्रावधान :- यूनानी की अपेक्षित विशिष्टता जैसाकि कॉलम 2 की तालिका में उल्लिखित है में स्नातकोत्तर उपाधि धारक शिक्षकों की अनुपलब्धता की स्थिति में समवर्गी विषयों जैसा कि कॉलम 3 की तालिका में उनके सामने उल्लिखित है, डॉक्टर ऑफ मेडिसिन उपाधि धारक प्राध्यापक, प्रवाचक एवं व्याख्याता के लिए पात्र समझे जाएंगे -

क्रम संख्या	विषय	समवर्गी विषय
1.	तशरीहुल बदन	इल्मुल जराहत अथवा कुल्लियाते तिब
2.	मुनाफेउल आजा	कुल्लियाते तिब
3.	सैदला	इल्मुल अदविया
4.	महियातुल अमराज	मोआलाजात अथवा कुल्लियाते तिब
5.	इलाज बिल तदबीर	मोआलाजात अथवा तहफ्फुजी वा समाजी तिब
6	अमराजे जिल्द	मोआलाजात
7	अमराजे उज्न, अनफ, हलक वा असनान	इल्मुल जराहत अथवा मोआलाजात
8.	अमराजे ऐन	इल्मुल जराहत अथवा मोआलाजात
9.	इल्मुल अत्फल	मोआलाजात अथवा कबालत वा अमराजे निस्वान

टिप्पणी 1 : यह उपबन्ध सरकारी राजपत्र में इस अधिसूचना के प्रकाशन की तिथि पांच वर्ष तक जारी रहेगा।

टिप्पणी 2 : भारतीय चिकित्सा केन्द्रीय परिषद् (स्नातकोत्तर शिक्षा) विनियम, 1979 एवं भारतीय चिकित्सा केन्द्रीय परिषद् (स्नातकोत्तर यूनानी शिक्षा) विनियम, 2007 के आधार पर पूर्व नियुक्त शिक्षक इस उपबंध के प्रकाशित होने पर अनुपयुक्त नही माने जाएंगे।

टिप्पणी 3 : भारतीय चिकित्सा केन्द्रीय परिषद् (स्नातकोत्तर यूनानी शिक्षा) विनियम, 2007 के आधार पर पूर्व नियुक्त शिक्षक सम्बन्धित विषय में स्नातकोत्तर अर्हता के बिना प्राध्यापक, प्रवाचक और व्याख्याता के पद पर नियुक्त अथवा प्रोन्नति के लिए पात्र होंगे।

टिप्पणी 4 : सम्बन्धित विषयों में प्राध्यापक और प्रवाचक के पद पर नियुक्ति अथवा प्रोन्नति के लिए गैर स्नातकोत्तर व्याख्याता तथा प्रवाचक को कम से कम क्रमशः तेरह और आठ वर्षो का अध्यापन अनुभव रखना होगा । परन्तु यह उपबन्ध इस अधिसूचना के प्रकाशन की तिथि से पांच वर्षो तक लागू रहेगा।

टिप्पणी 5 : नियमित रूप से डाक्टर ऑफ फिलॉसफी (पी.एच.डी.) धारक के अनुसंधान अनुभव को एक वर्ष के शिक्षण अनुभव के समान समझा जाएगा।

20. अनुमति की प्रकिया पूरा होने की तारीख एवं यूनानी संस्था में दाखिले की कट-ऑफ- डेट -

(1) स्नातकोत्तर पाठ्यक्रम में प्रवेश का अनुदान या अनुमति देने से इन्कार करने की प्रक्रिया प्रत्येक शैक्षणिक सत्र में 31 जुलाई तक पूरी की जाएगी।

(2) स्नातकोत्तर पाठ्यक्रमो में दाखिले के लिए कट-ऑफ-डेट प्रत्येक शैक्षणिक सत्र में 30 सितंबर होगी।

क.नटराजन, निबंधक-सह-सचिव

[विज्ञापन III/4/असा./290(124)]

टिप्पणीः अग्रेंजी एवं हिन्दी विनियम में कोई विसंगति पायी जाती है, तो अग्रेंजी विनियम नामतः भारतीय चिकित्सा केन्द्रीय परिषद् (भारतीय चिकित्सा में शिक्षा के न्यूनतम मानक) (संशोधन) विनियम, 2016 को अन्तिम माना जायेगा।

NOTIFICATION

New Delhi, the 7th November, 2016

No.11-77/2016-Unani (P.G. Regl.).— In exercise of the powers conferred by clauses (i), (j) and (k) of sub-section (1) of section 36 of the Indian Medicine Central Council Act, 1970 (48 of 1970) and in supersession of the Indian Medicine Central Council (Post–graduate Unani Education) Regulation, 2007, except as respects things done or omitted to be done before such supersession, the Central Council of Indian Medicine, with the previous sanction of the Central Government, hereby makes the following regulations to regulate the education of post-graduate course in Unani medicine, namely:-

1. Short title and commencement.- (1) These regulations may be called the Indian Medicine Central Council (Post-Graduate Unani Medical Education) Regulations, 2016.

(2) They shall come into force on the date of their publication in the Official Gazette.

2. Definitions.- (1) In these regulations, unless the context otherwise requires,-

(a) "Act" means the Indian Medicine Central Council Act, 1970 (48 of 1970);

(b) "Council" means the Central Council of Indian Medicine;

(c) "recognised institution" means an approved institution as defined under clauses (a) and (ea) of sub-section (1) of section 2 of the Act.

(2) The words and expressions used herein and not defined but defined in the Act shall have the meanings respectively assigned to them in the Act

3. Aims and objects.- The aims and objects of the post-graduate degree courses in Unani medicine shall be to provide orientation of specialties and super specialties in Unani medicine and to produce experts and specialists, who can be competent and efficient teachers, physicians, surgeons, pharmaceutical experts and researchers in their respective fields.

4. Specialities for post-graduate degree courses.- The post-graduate degrees shall be allowed in the following specialities as under:-

Table - A

Mahire Tib (Doctor of Medicine)

Sl. No.	Name of specialty	Clinical or Non-clinical	Nearest terminology of modern subject
(1)	(2)	(3)	(4)
1	Kulliyate Tib	Non-Clinical	Basic Principles of Unani medicine
2	Munafe ul Aza	Non-Clinical	Physiology
3	Ilmul Advia	Non-Clinical	Pharmacology
4	Ilmul Saidla	Non-Clinical	Pharmacy
5	Tahaffuzi wa Samaji Tib	Non-Clinical	Preventive and Community medicine
6	Amraze Atfal	Clinical	Paediatrics
7	Moalajat	Clinical	Medicine
8	Mahiyatul Amraz	Non-Clinical	Pathology
9	Ilaj bit Tadabeer	Clinical	Regimen therapy
10	Amraze Jild wa Tazeeniyat	Clinical	Dermatology and Cosmetics

Table - B

Mahire Jarahat (Master of Surgery)

Sl. No.	Name of speciality	Clinical or Non-clinical	Nearest terminology of modern subject
(1)	(2)	(3)	(4)
11	Tashreehul Badan	Non-Clinical	Anatomy
12	Ilmul Jarahat	Clinical	Surgery
13	Amraze Uzn, Anf wa Halaq	Clinical	Diseases of Ear, Nose and Throat
14	Qabalat wa Amraze Niswan	Clinical	Obstetrics and Gynaecology

5. Nomenclature of post-graduate degree.- The nomenclature of post-graduate degree in respective specialities shall be as under:-

Table - A
Mahire Tib (Doctor of Medicine)

Sl.No.	Nomenclature of speciality or degree	Abbreviation
(1)	(2)	(3)
1.	Mahire Tib –Kulliyate Tib	M.D. (Unani) - Basic principles of Unani medicine
2.	Mahire Tib –Munafeul Aza	M.D. (Unani) - Physiology
3.	Mahire Tib –Ilmul Advia	M.D. (Unani) - Pharmacology
4.	Mahire Tib –Ilmul Saidla	M.D. (Unani) - Pharmacy
5.	Mahire Tib –Tahaffuzi waSamaji Tib	M.D. (Unani) - Preventive and Community medicine
6.	Mahire Tib –Amraze Atfal	M.D. (Unani) - Paediatrics
7.	Mahire Tib -Moalajat	M.D. (Unani) - Medicine
8.	Mahire Tib –Mahiyatul Amraz	M.D. (Unani) - Pathology
9.	Mahire Tib -Ilaj bit Tadabeer	M.D. (Unani) - Regimenal therapy
10.	Mahire Tib –Amraze Jild	M.D. (Unani) - Dermatology

Table - B
Mahire Jarahat (Master of Surgery)

Sl.No.	Name of speciality	Abbreviation
(1)	(2)	(3)
11.	Mahire Jarahat-Tashreehul Badan	M.S. (Unani) - Anatomy
12.	Mahire Jarahat-Ilmul Jarahat	M.S. (Unani) - Surgery
